समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# चीन को मिलेगा करारा जवाब ! अब भारत मे बंनेगें 'रेयर अर्थ मैग्नेट', मोदी सरकार खर्च करेगी 1000 करोड़ रुपये ।

Publisher

Published on 24 Jun 2025

## ऑटोमोबाइल और रिन्युएबल एनर्जी के लिए जरूरी रेयर अर्थ मैग्नेट अब देश मे होंगे तैयार, भारी उद्योग मंत्रालय और परमाणु विभाग मिलकर चलाएंगे मेगा योजना ।

**भारत ने चीन पर निर्भरता खत्म करने के लिए बढ़ाया कदम**

**India is an Magnets of Rayer Earth:** भारत सरकार जल्द ही देश में ही **रेयर अर्थ मैग्नेट्स (Rare Earth Magnets)** के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए **1000 करोड़ रुपये** की विशेष योजना शुरू करने जा रही है। यह पहल भारी **उद्योग मंत्रालय** और **परमाणु ऊर्जा विभाग** मिलकर चला रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना **अगले 10 से 15 दिनों** में अंतिम रूप ले सकती है। इसके तहत हर साल देश में लगभग **1500 टन रेयर अर्थ मैग्नेट्स** का उत्पादन किया जाएगा।

**रेयर अर्थ मैग्नेट्स क्यों है जरूरी ?**

१. ये **मैग्नेट्स इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs), पवन ऊर्जा टर्बाइनों, मोबाइल फोन** और **रक्षा उपकरणों** में उपयोग होते हैं।

२. **वर्तमान मे चीन दुनिया के 90% से अधिक रेयर अर्थ मैग्नेट्स का उत्पादन करता है।**

३. **हाल ही मे चीन द्वारा निर्यात मे कटौती से भारत सहित कई देशों की इंडस्ट्रीज़ प्रभावित हुई है।**

४. **इसी के चलते भारत सरकार अब आत्मनिर्भर बनने की दिशा मे कंदम बढ़ा रही है**।

### कौन-कौन सी कंपनियाँ होंगी शामिल ?

सूत्रों के अनुसार, इस योजना में **5 से 6 प्रमुख कंपनियों** ने दिलचस्पी दिखाई है। **सरकार कंपनियों** को उत्पादन और टेक्नोलॉजी सपोर्ट देगी, ताकि भारत में तेजी से उत्पादन शुरू हो सके।

### India Rare Earth Limited को सौंपी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी

इस पूरे प्रोजेक्ट में **India Rare Earths Ltd. (IREL)** की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। **कंपनी सालाना 500 टन** तक कच्चा माल मै**न्युफैक्चरर्स को सीधे सप्लाई** करेगी, जिससे उद्योगों को निरंतरता और स्थायित्व मिलेगा।

### रेयर अर्थ मिनरल्स के लिए अलग स्कीम

**रेयर अर्थ मैग्नेट्स** के अलावा सरकार अब अन्य **रेयर अर्थ मिनरल्स** के लिए भी एक नई **प्रोडक्शन स्कीम** पर काम कर रही है। इस पर संभावित **3500 से 5000 करोड़ रुपये** तक का निवेश किया जाएगा। वर्तमान में **इंटर्नल असेसमेटं** चल रहा है और जल्द ही योजना का ऐलान हो सकता है।

### चीन पर निर्भरता होगी खत्म

मोदी सरकार का यह कदम न केवल **भारत की आत्मनिर्भरता** को बढ़ावा देगा, बल्कि चीन के दबदबे को भी चुनौती देगा। यह योजना आने वाले समय में भारत को **रेयर अर्थ मटेरियल्स** का **वैश्विक निर्माता** बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.